दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 190 मूल्य : 5 रू पृष्ठ : 8

शुक्रवार
29 मई 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


**अनमोल वचन**

"जीवन एक उतार चढ़ाव का खेल है, इन्हे स्वयं पर हावी न होने दे ना तो चढ़ाव हमेशा है और न ही उतार।"

## संक्षिप्त न्यूज

### देशभर में ईद-उल-अजहा धार्मिक उत्साह के साथ मनाई गई

नई दिल्ली । देशभर में आज ईद-उल-अजहा धार्मिक उत्साह के साथ मनाई गई। ईदगाहों और मस्जिदों में सुबह ईद की नमाज अदा की गई। बाद में लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। दिल्ली में मुख्य नमाज जामा मस्जिद, फतेहपुरी मस्जिद और शाही ईदगाह में अदा की गई।

ईद-उल-अजहा पैगंबर हजरत इब्राहिम द्वारा अपने इकलौते बेटे की कुर्बानी देने की याद में मनाया जाता है। देश के अन्य हिस्सों से भी ईद की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

### ईद-उल-अजहा के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को बधाई दी

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ईद-उल-अजहा के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह त्योहार भक्ति, त्याग और निस्वार्थता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार नागरिकों को मानवता और विशेषकर वंचितों की सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने नागरिकों से समाज में प्रेम और सद्भाव को बढ़ावा देने के संकल्प को मजबूत करने का आग्रह किया।

### आईएनएस सुदर्शनी लोकयान 26 अभियान के तहत अटलांटिक महासागर पार करने के बाद एंटीगुआ पहुंचा

नई दिल्ली । भारतीय नौसेना का पोत आईएनएस सुदर्शनी लोकयान 26 अभियान के अंतर्गत अटलांटिक महासागर पार करने के बाद कल एंटीगुआ पहुंचा। एंटीगुआ और बारबुडा में भारत के महावाणिज्यदूत विजय तिवारी और एंटीगुआ तथा बारबुडा रक्षा बल के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ब्रिगेडियर टेल्बर्ट बेंजामिन ने आईएनएस सुदर्शनी का गर्मजोशी से स्वागत किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह ऐतिहासिक यात्रा आईएनएस सुदर्शनी के अटलांटिक महासागर को पार करने का पहला प्रयास है। इससे पहले आईएनएस तरंगिनी ने 2007 में यह यात्रा संपन्न की थी। मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा समुद्री सहयोग के प्रति भारतीय नौसेना की निरंतर प्रतिबद्धता और वसुधैव कुटुंबकम की भावना को दर्शाती है।

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने त्यागपत्र दिया



कर्नाटक (एजेंसी)। कर्नाटक के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे सिद्धारमैया ने बेंगलुरू में राज्यपाल कार्यालय में अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ बैठक के बाद अपना इस्तीफा सौंप दिया। इस्तीफे के बाद संवाददाताओं से बातचीत में डी. के. शिवकुमार का नाम लिए बिना उन्होंने राज्यपाल से राज्य में मुख्यमंत्री पद के लिए नामित व्यक्ति को आमंत्रित करने का अनुरोध किया। फिलहाल राज्यपाल दौरे पर हैं और वह वापस लौटकर ही सिद्धारमैया के इस्तीफे पर निर्णय लेंगे।

श्री सिद्धारमैया ने बताया कि पार्टी ने उन्हें राज्यसभा सीट की पेशकश की थी, जिसे उन्होंने विनम्रतापूर्वक अस्वीकार कर दिया है। राष्ट्रीय स्तर की राजनीति में रूचि न होने की बात कहते हुए निवर्तमान मुख्यमंत्री ने कहा कि वे राज्य की जनता के लिए काम करना जारी रखेंगे।

कांग्रेस की विधानसभा चुनावों में जीत के बाद सिद्धारमैया मई 2023 में दूसरी बार कर्नाटक के मुख्यमंत्री बने थे। इससे पहले वे 2013 से 2018 तक मुख्यमंत्री रह चुके हैं। वे राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले व्यक्ति हैं, उन्होंने दो कार्यकालों में कुल आठ वर्ष पूरे किए। वे मुख्यमंत्री और उससे पहले वित्त मंत्री के रूप में 17 बार राज्य का बजट प्रस्तुत करने के लिए भी जाने जाते हैं। उनके इस्तीफे के साथ ही राज्य में चल रहा लंबा सत्ता संघर्ष समाप्त हो गया है।

डी. के. शिवकुमार, कर्नाटक कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं और वर्तमान में उपमुख्यमंत्री हैं। 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी की जीत में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## अंडर-23 एशियाई चौंपियनशिप में भारतीय पहलवानों के शानदार प्रदर्शन पर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें बधाई दी



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वियतनाम के दा नांग में आयोजित 2026 अंडर-23 एशियाई चौंपियनशिप में भारतीय पहलवानों के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि पुरूष फ्रीस्टाइल और महिला कुश्ती टीमों ने चौंपियनशिप में टीम खिताब जीते। उन्होंने बताया कि पुरूष फ्रीस्टाइल कुश्ती टीम ने चार स्वर्ण पदकों सहित नौ पदक जीतकर रिकॉर्ड बनाया, जो चौंपियनशिप के इतिहास में देश के अब तक के सर्वाधिक पदक हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि महिला कुश्ती दल ने भी छह स्वर्ण पदकों सहित दस पदक जीतकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। उन्होंने यह भी बताया कि ग्रीको-रोमन टीम ने चौंपियनशिप में आठ पदकों के साथ अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

## केन्द्र ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत 12 राज्यों को 10,000 करोड़ रूपये से अधिक की राशि जारी की



नई दिल्ली (एजेंसी)। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 12 राज्यों को 10,000 करोड़ रूपये से अधिक की राशि जारी की।

इस अवसर पर कहा कि श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रतिबद्ध हैं कि देश में कोई भी गरीब व्यक्ति कच्चे मकान में न रहे। उन्होंने बताया कि पी.एम.ए.वाई.जी. के तहत चार करोड़ 95 लाख आवास के लक्ष्य के मुकाबले 3 करोड़ 91 लाख आवास को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। श्री चौहान ने कहा कि 3 करोड़ से अधिक मकान का निर्माण पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में सुधार के लिए निरंतर काम कर रही है।

महिला सशक्तिकरण पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पी.एम.ए.वाई.जी. के अंतर्गत स्वीकृत लगभग 75 प्रतिशत मकान या तो महिलाओं के नाम पर हैं या संयुक्त स्वामित्व में हैं।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से मुलाकात की

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आज साइप्रस में वहां के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में डॉ. जयशंकर ने बताया कि बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति और भूमध्यसागर में भारत के हितों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि साइप्रस के राष्ट्रपति की हाल की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों की साझेदारी को एक नए चरण में ले जाया गया है।
जयशंकर ने साइप्रस के जिम्निच में यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक में भी सार्थक चर्चा की। उन्होंने यूरोपीय संघ और भूमध्यसागरीय देशों के साथ भारत के संबंधों की पुष्टि की।

## उत्साह, श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया जा रहा है ईद-उल-अजहा का त्योहार धार्मिक



बांग्लादेश(एजेंसी)। बांग्लादेश में आज ईद-उल-अजहा का त्योहार धार्मिक उत्साह, श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी ढाका में ईद की नमाज ईदगाह में अदा की गई।
राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन और प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने मंत्रिमंडल के सदस्यों, न्यायाधीशों, राजनयिकों, राजनीतिक नेताओं और वरिष्ठ नागरिक तथा सैन्य अधिकारियों के साथ ईद की नमाज अदा की। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में समाज के संपन्न और समर्थ लोगों से यह अपील की है कि वे निर्धन और जरूरतमंदों की मदद करें, ताकि कोई भी व्यक्ति ईद की खुशियों से वंचित न रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि ईद-उल-अजहा का त्योहार त्याग, करूणा और भाईचारे का संदेश देता है।

## मंगोलिया भेजे जा रहे हैं यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल सांची स्तूप के पवित्र अवशेष



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशेष पहल पर, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल सांची स्तूप के पवित्र अवशेष मंगोलिया भेजे जा रहे हैं। ये अवशेष भगवान बुद्ध के दो प्रमुख शिष्यों, सारिपुत्र और मौद्गल्यायन से संबधित हैं। इन अवशेषों को आज भोपाल के राजा भोज हवाई अड्डे से राजकीय सम्मान के साथ दिल्ली लाया जाएगा।
नई दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय में कल इन्हें सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद, 30 मई को भारतीय वायु सेना का एक विशेष विमान इन्हें मंगोलिया ले जाएगा।
ये अवशेष मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में 31 मई से सार्वजनिक दर्शन के लिए रखे जाएंगे। वहां दस लाख से अधिक श्रद्धालुओं और पर्यटकों के दर्शन के लिये पंहुचन की उम्मीद है।
यह पहल भारत और मंगोलिया के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को और मजबूत करेगी। इससे सांची जैसे बौद्ध तीर्थ स्थलों के प्रति विदेशी पर्यटकों की रूचि भी बढ़ेगी।

# सऊदी अरब के जेल में कैद भारतीय नागरिक अब्दुल रहीम रिहा



सऊदी अरब (एजेंसी)। भारतीय नागरिक अब्दुल रहीम सऊदी अरब के जेल से रिहा होने के बाद आखिरकार केरल में अपने घर लौट रहे हैं। रहीम सऊदी अरब की जेल में लगभग दो दशक तक कैद थे।
कोझिकोड जिले के रामनट्टुकरा के मूल निवासी रहीम आज सुबह सऊदी अरब से भारत के लिए रवाना हुए। भारतीय दूतावास ने बताया कि रहीम को मृत्युदंड की सजा दी गई थी, लेकिन बाद में सऊदी कानून के तहत 20 साल की जेल की सजा काटने के बाद क्षमादान देकर रिहा कर दिया गया।
रहीम को एक 15 वर्षीय विकलांग लड़के की मौत के संबंध में दोषी ठहराया गया था। भारतीय समुदाय ने बड़े पैमाने पर क्राउडफंडिंग अभियान ने रहीम को मृत्युदंड से राहत दिलाने के लिए लगभग डेढ़ करोड़ सऊदी रियाल मृत्यु के मुआवजे के रूप में जुटाने में मदद की।

# इबोला से प्रभावित कांगो को भारत ने भेजी आपातकालीन दवा सामग्री



इबोला । भारत ने कांगो में इबोला के प्रकोप को नियंत्रित करने के प्रयासों में सहयोग के लिए आपातकालीन दवा सामग्री भेजी है। इथियोपिया स्थित अफ्रीका रोग नियंत्रण केन्द्र ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि भारत द्वारा भेजी गई आपातकालीन दवा युगांडा में पूर्वी अफ्रीका क्षेत्रीय समन्वय केंद्र को प्राप्त हुई है। इस सामग्री में आवश्यक निदान, उपचार, संक्रमण रोकथाम एवं नियंत्रण सामग्री शामिल हैं। इस आपातकालीन राहत सामग्री को कांगो के प्रभावित समुदायों तक पहुंचाया जाएगा।
अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र ने कांगो के बुंडीबुग्यो इबोला प्रकोप से निपटने के लिए भारत सरकार और भारत के लोगों द्वारा भेजी गई आपातकालीन दवा सामग्री का स्वागत किया है। रोग नियंत्रण केन्द्र ने पूरे महाद्वीप में जीवन की रक्षा और स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारत के निरंतर समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त किया।
बुंडीबुग्यो स्ट्रेन, इबोला वायरस की छह ज्ञात प्रजातियों में से एक है और 2007 में युगांडा में पहली बार इसकी पहचान होने के बाद से अफ्रीका के कुछ हिस्सों में समय-समय पर इसके प्रकोप होते रहे हैं।
विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, बुंडीबुग्यो वायरस से होने वाले इबोला स्ट्रेन के लिए कोई भी स्वीकृत दवा या टीका उपलब्ध नहीं है। इबोला संक्रमित शारीरिक तरल पदार्थों, दूषित पदार्थों या संक्रमित जानवरों के सीधे संपर्क से फैलती है। इसके लक्षणों में बुखार और गंभीर मामलों में आंतरिक और बाहरी रक्तस्राव शामिल हैं।

## आपदा का सामना कर रहे क्यूबा की विदेश मंत्री ने किया अंतरराष्ट्रीय समुदाय से सहायता का अनुरोध



क्यूबा (एजेंसी)। क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज परिला ने अपने देश में आपदा को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तत्काल सहायता का अनुरोध किया है। क्यूबा को अमरीका द्वारा लगाए गए ऊर्जा प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है।
संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तत्काल समर्थन का आग्रह किया। अमरीका द्वारा क्यूबा पर कई प्रतिबंध लगाने के बाद तथा ऊर्जा और ईंधन की कमी को लेकर देश में तनाव लगातार बढ़ रहा है। क्यूबा के विदेशमंत्री ने परिषद में कहा कि उनका देश मानवीय आपदा का सामना कर रहा है इसलिए यह समय एकजुटता दिखाने का है।
अमरीकी प्रतिबंधों के कारण क्यूबा में गंभीर मानवीय संकट पैदा हो गया है। देश में भोजन, दवा और बिजली की कमी हो गई है। देश 22 घंटे या उससे अधिक समय तक बिजली कटौती से जूझ रहा है और स्थिति बेहद गंभीर है।

# मुख्यमंत्री ने बागवानी क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए खोला घोषणाओं का पिटारा

जीत समाचार हरियाणा। मुख्यमंत्री ने बागवानी फसलों के लिए गुणवत्ता युक्त बीज एवं रोपण सामग्री का रणनितिक प्रतिमान विषय पर आधारित 4 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन, बागवानी विज्ञानिकों व प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बागवानी क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए घोषणाओं का पिटारा खोलते हुए कहा कि पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन, पौध कीट नियंत्रण और रोगों के नए विषयों पर भी मास्टर डिग्री और पी.एच.डी. की शुरूआत की जाएगी। जबकि विश्वविद्यालय द्वारा बागवानी के क्षेत्र में अभी तक तीन विषयों फलों, सब्जियों और पुष्प उत्पादन में मास्टर डिग्री और पी.एच.डी. करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए भी प्रसन्नता हो रही है कि राज्य सरकार द्वारा 14 होर्टिक्लचर साईस सेंटर महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय को समर्पित किए जा रहे हैं। ये केंद्र किसानों तक नवीनतम तकनीकों व गुणवत्तायुक्त पौध सामग्री पहुंचाने और वैज्ञानिक परामर्श देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि ये केंद्र विश्वविद्यालय और किसानों के बीच मजबूत सेतु का काम करेंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल व लेफ्टिनेंट अमित मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। यह राष्ट्रीय सम्मेलन अमृतकाल में बागवानी फसलों के लिए गुणवत्ता युक्त बीज एवं रोपण सामग्री का रणनितिक प्रतिमान विषय पर आधारित है। मुख्यमंत्री ने दीपशिखा प्रज्वलित कर राष्ट्रीय सम्मेलन का विधिवत रूप से शुभ आरंभ किया और शहीद लेफ्टिनेंट अमित के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने इस समारोह में बागवानी वैज्ञानिक व प्रगतिशील किसानों को शील्ड, शाल व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

# मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने आर्य कन्या गुरूकुल मोर माजरा में किया शेड का शिलान्यास



जीत समाचार हरियाणा। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बतौर मुख्य अतिथि आर्य कन्या गुरूकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मोर माजरा, करनाल में प्रार्थना एवं सांस्कृतिक सभा शेड का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री ने कक्षा दसवीं व बारहवीं की परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर की तथा मेरिट में आने वाली छात्राओं व उनके अभिभावकों को बधाई दी। विद्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में गुरूकुल परिवार, गणमान्य अतिथियों एवं स्थानीय नागरिकों की विशेष उपस्थिति रही। वर्तमान में लगभग 2500 छात्राएं गुरूकुल में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।

कार्यक्रम में गुरूकुल के प्रधान सुखबीर सिंह मान (एडवोकेट) ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह शेड छात्राओं के सर्वांगीण विकास, प्रार्थना सभाओं एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन हेतु अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि गुरूकुल भारतीय संस्कृति, वैदिक शिक्षा एवं आधुनिक शिक्षा के समन्वय के माध्यम से छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण हेतु निरंतर कार्यरत है।

उन्होंने मंत्री कृष्ण लाल पंवार को विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में हरियाणा राज्य में पाँचवाँ स्थान प्राप्त किया है। साथ ही जिला करनाल की शीर्ष 10 मेरिट सूची में से 6 छात्राएं गुरूकुल की रही हैं। यह उपलब्धि सुनकर मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गुरूकुल के प्रधान, समस्त स्टाफ एवं छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की तथा गुरूकुल की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों की सराहना की।

इस अवसर पर गुरूकुल कार्यकारिणी के सचिव ओम प्रकाश मान, कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, संयुक्त सचिव बलवान सिंह, सदस्य मेहर सिंह, भगवान सिंह, नरेंद्र तथा अन्य गणमान्य सदस्य कृष्ण ढांडा, दलीप सिंह मान, राज सैनी एवं राम सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## वर्धमान स्पेशल स्टील्स ने डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन के साथ मिलकर टीबी के मरीजों को 200 न्यूट्रिशन किट बांटी



जीत समाचार लुधियाना।

टीबी मुक्त भारत पहल के तहत, वर्धमान स्पेशल स्टील्स ने गुरुवार को डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन और रेड क्रॉस सोसाइटी के साथ मिलकर अपने स्वस्थ समाज कैंपेन के तहत टीबी के मरीजों को 200 न्यूट्रिशन किट बांटी।

इस पहल का मकसद टीबी के मरीजों को न्यूट्रिशन और सोशल सपोर्ट देना है, साथ ही टीबी मुक्त भारत बनाने की कोशिशों को मजबूत करना है। डिस्ट्रीब्यूशन प्रोग्राम के दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

निक्षे मित्र पहल के तहत टीबी के मरीजों को गोद लेने में दिलचस्पी रखने वाले लोग और ऑर्गनाइजेशन हेल्पलाइन नंबर: 6361209985 पर संपर्क कर सकते हैं।

ये किट टीबी से पीड़ित बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को बांटी गई।

ऑफिस डिस्ट्रिक्ट हेल्थ एंड सिविल हॉस्पिटल टीबी हेड डॉ. आशीष चावला और सेक्रेटरी रेड क्रॉस सोसाइटी लुधियाना नवनीत जोशी ने जरूरतमंद मरीजों को इस तरह की मदद के लिए वर्धमान स्टील्स के मैनेजमेंट को धन्यवाद दिया।



दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## वैश्विक संकट और महंगाई के मुख्य प्रभाव

### ऊर्जा संकट और पेट्रोल-डीजल:

होर्मुज स्ट्रेट में तनाव के कारण कच्चे तेल के वैश्विक व्यापार में भारी उतार-चढ़ाव आया है। कई देश ऊर्जा उपलब्धता के संकट से जूझ रहे हैं। हालाँकि, भारत सरकार की नीतियों और तेल विपणन कंपनियों द्वारा भार वहन करने के कारण भारत में खुदरा पेट्रोल-डीजल की कीमतों (जैसे पिछले 4 महीनों में केवल 3.2: वृद्धि) को अन्य देशों (जैसे 50प्रतिशत-90प्रतिशत तक की भारी बढ़ोतरी वाले देशों) की तुलना में स्थिर रखा गया है।

### खाद्य और उर्वरक की महंगाई :

रूस-यूक्रेन संघर्ष और वैश्विक तनाव के कारण खाद व कच्चे माल की कीमतों में उछाल आया है। इसका असर भारत की खाद्य आपूर्ति श्रृंखला पर भी पड़ा थें।

### गरीबी पर असर:

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक तनावों के कारण विकासशील देशों में गरीबी का स्तर बढ़ सकता है, जिससे लाखों लोग प्रभावित हो सकते हैं।

### स्थानीय प्रभाव:

हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में भी अंतरराष्ट्रीय संकटों के कारण बढ़ रही महंगाई (पेट्रोल-डीजल, गैस और आवश्यक वस्तुओं के दाम) को लेकर चिंताएं जताई जा रही हैं, क्योंकि परिवहन और निर्माण लागत में वृद्धि होती है

– कमल पवार




जीत क्लासीफाइड

अपना क्लासिफाईड/ डिस्पले विज्ञापन
अपना नाम परिवर्तन, मकान,
शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करें।
9803025111, 8878400009

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# नगर निगम लुधियाना में कच्चे कर्मचारियों के साथ बड़ा धोखा: पक्का करने की प्रक्रिया में 'ओवरएज' का पेंच फंसाकर सैकड़ों गरीब मुलाजिमों का भविष्य रौंदा!

**जीत समाचार का बड़ा ऐलान । जब तक ओवरएज हुए सफाई कर्मचारियों, सीवरमैनों, मालियों, बेलदारों और ड्राइवरों को इंसाफ नहीं मिलता, तब तक निगम प्रशासन के खिलाफ यह जंग जारी रहेगी।**


दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
संपर्क सूत्र: 9803025111, 8878400009
हमारी वेबसाइट: www.zeetsamachar.com
जीत सच्ची खबर की


जीत समाचार लुधियाना (कमल पवार): नगर निगम लुधियाना में पिछले 10 से 15 वर्षों से दिन-रात शहर की सेवा करने वाले कच्चे मुलाजिमों को पक्का करने के नाम पर प्रशासन द्वारा भद्दा मजाक किया जा रहा है। हाल ही में हुई नियमितीकरण प्रक्रिया के दौरान सैकड़ों सफाई कर्मचारियों, सीवरमैनों, मालियों, बेलदारों और ड्राइवरों को 'ओवरएज' (उम्र सीमा 42 वर्ष से अधिक) होने का बहाना बनाकर पक्का करने से वंचित कर दिया गया है।

हैरानी की बात यह है कि जब ये कर्मचारी नौकरी पर लगे थे, तब ये नौजवान थे, लेकिन निगम की लेट-लतीफ नीतियों के कारण आज इनकी उम्र सीमा पार हो चुकी है। इस गंभीर मुद्दे पर समाज सेवी कमल पवार द्वारा नगर निगम के चारों जोनों से आरटीआई के जरिए पूरा ब्यौरा मांगा गया है कि आखिर जनरल हाउस में उम्र सीमा बढ़ाकर 50 वर्ष करने का जो प्रस्ताव पास हुआ था, उसे पंजाब सरकार के स्थानीय निकाय विभाग के पास क्यों दबा कर रखा गया है?

**'जीत समाचार' का प्रशासन को सीधा अल्टीमेटम :**

'जीत समाचार' अखबार आज से इन गरीब मुलाजिमों के हक की लड़ाई को जन-आंदोलन बनाएगा। जब तक निगम प्रशासन और पंजाब सरकार इन ओवरएज हुए कर्मचारियों को उम्र में छुट देकर पक्का करने का नोटिफिकेशन जारी नहीं करती, तब तक 'जीत समाचार' इस मुद्दे को हर रोज प्रमुखता से छापेगा और निगम के बड़े अफसरों की जवाबदेही तय करेगा।




दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## पूर्व विधायक रविन्द्र धीमान ग्राम पंचायत जांगल में परिवार सहित अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता निभाई।



जीत समाचार जांगल (रवि कुमार)। पूर्व विधायक रविन्द्र धीमान दिनांक 28/5/26 को ग्राम पंचायत जांगल में परिवार सहित अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता निभाई। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदान बेहद आवश्यक है।

आप सभी से भी आग्रह है कि अपने वोट का उपयोग अवश्य करें और क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में भागीदार बनें।

## लोकतंत्र के महापर्व में माननीय आयुष और युवा सेवा एवं खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने किया मतदान, मतदाताओं से की शत-प्रतिशत भागीदारी की अपील




जीत समाचार पंचरूखी(अभिषेंक)। लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव यानी मतदान के अवसर पर आज माननीय आयुष और युवा सेवा एवं खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने पोलिंग बूथ पर पहुँचकर कतारबद्ध होकर अपना वोट डाला और एक जागरूक नागरिक की जिम्मेदारी निभाई।अपने मताधिकार का प्रयोग करने के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि, मतदान केवल हमारा अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारा कर्तव्य भी है। आज हम जो वोट डाल रहे हैं, वही भविष्य की विकास यात्रा की दिशा तय करेगा। लोकतंत्र को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए हर नागरिक का मतदान करना अनिवार्य है।

मंत्री गोमा ने विशेष रूप से युवाओं और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनसे अपील की कि वे भारी संख्या में घरों से बाहर निकलें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र की असली खूबसूरती नागरिकों की सक्रिय भागीदारी में ही निहित है।

मंत्री ने सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि वे किसी भी प्रलोभन से ऊपर उठकर, राष्ट्रहित और विकास को प्राथमिकता देते हुए अपना अमूल्य वोट अवश्य दें, ताकि एक समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण हो सके।

## विधानसभा जयसिंहपुर की पंचायत टम्बर चुनाव में बवाल : मतगणना के दौरान कमरे में घुसकर बैलेट पेपर धांधली के आरोप, प्रत्याशी ने बी.डी.ओ. और पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**टम्बर पंचायत चुनाव में मतगणना के दौरान कमरे में घुसा व्यक्ति जिसका यशपाल सपुत्र रमेश कुमार गांव मंझोटी से है जिसकी बतौर एआरओ के रूप में मझेड़ा में ड्यूटी थी आरोप, प्रत्याशी ने बी.डी.ओ. और पुलिस से की कार्रवाई की मांग**


Block Development Officer
Lamba Gaon
Distt. Kangra (H.P.)

जीत समाचार जयसिंहपुर/टम्बर (कांगड़ा)।

जिला कांगड़ा की ग्राम पंचायत टम्बर में प्रधान पद के चुनाव के दौरान लोकतंत्र की मर्यादा को तार–तार करने वाला मामला सामने आया है। मतगणना के दौरान एक व्यक्ति द्वारा जबरन अंदर घुसकर मतपत्रों (बैलेट पेपर) में धांधली करने और प्रत्याशी को धमकाने का गंभीर आरोप लगा है। इस संबंध में पीड़ित प्रत्याशी ने बी.डी.ओ. लंबगांव और पुलिस थाना लम्बागांव में शिकायत पत्र सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### रात के अंधेरे में मतगणना केंद्र में घुसपैठ

शिकायतकर्ता प्रत्याशी के अनुसार, घटना 26 मई की रात लगभग 12:30 बजे की है। जब पहली बार मतों की गिनती पूरी हो चुकी थी, उसके बाद रात करीब 1:00 बजे दोबारा मतगणना शुरू की गई। इसी दौरान यशपाल नामक एक व्यक्ति, जो बाहरी बताया जा रहा है, अचानक पोलिंग स्टेशन के अंदर आ धमका। आरोप है कि उस व्यक्ति ने कमरे का दरवाजा लात मारकर खोला और सीधे मतगणना स्थल के भीतर प्रवेश कर गया।

### बैलेट पेपर छीनने और धमकाने का गंभीर आरोप

प्रत्याशी ने शिकायत में कहा है कि आरोपी यशपाल ने वहां तैनात पोलिंग स्टाफ की मिलीभगत से या उन्हें डरा–धमकाकर सीधे मतपत्र अपने हाथों में ले लिए। वहां मौजूद स्टाफ के सामने ही उसने जबरन गिनती को प्रभावित करने का प्रयास किया, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। यह घटना चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और वहां तैनात सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े करती है।

### प्रशासनिक लापरवाही पर उठे सवाल

पीड़ित प्रत्याशी सुषमा कुमारी ने आरोप लगाया है कि मतगणना केंद्र पर तैनात ए.आर.ओ. (मझेड़ा) की भूमिका संदेहास्पद रही है। उनकी मौजूदगी में एक बाहरी व्यक्ति का अंदर घुसना और मतपत्रों को हाथ लगाना सीधे तौर पर प्रशासनिक लापरवाही या मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

### कार्रवाई की मांग

प्रत्याशी ने बी.डी.ओ. लम्बगांव से मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से मांग की है कि आरोपी यशपाल के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो।

ए.आर.ओ. मझेड़ा की भूमिका की जांच हो और उनके विरुद्ध भी विभागीय व कानूनी कार्यवाही की जाए।

इस घटना के बाद से पंचायत क्षेत्र में भारी रोष है और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

## द्वितीय चरण के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए दिनभर सक्रिय रहा जिला प्रशासन, विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

बिलासपुर(ब्यूरों)। पंचायती राज संस्थाओं के द्वितीय चरण के मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन पूरे दिन सक्रिय रहा। मतदान प्रक्रिया के दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी लगातार विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर राहुल कुमार तथा अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर ने विभिन्न मतदान केंद्रों एवं मॉडल पोलिंग स्टेशनों का निरीक्षण कर मतदान प्रक्रिया तथा मतदाताओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उपायुक्त राहुल कुमार ने झंडूता विकास खंड के अंतर्गत प्रशासन द्वारा स्थापित गालियां तथा बरठीं मॉडल पोलिंग स्टेशनों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को बेहतर एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मॉडल पोलिंग स्टेशनों में विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने बताया कि मॉडल पोलिंग स्टेशनों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क, स्वास्थ्य जांच सुविधा, बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल तथा बच्चों के लिए क्रेच सुविधा उपलब्ध करवाई गई है ताकि मतदाता सहज वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर पहुंचे मतदाताओं से बातचीत कर व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी भी ली। मतदाताओं ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं एवं शांतिपूर्ण वातावरण पर संतोष व्यक्त किया। उपायुक्त ने मतदान ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भी संवाद किया तथा मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुचारू ढंग से संपन्न करवाने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत उपायुक्त राहुल कुमार ने चांदपुर, बरठीं तथा औहर मतदान केंद्रों का भी दौरा कर वहां मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा प्रबंधों तथा मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया के दौरान पूर्ण सतर्कता, पारदर्शिता एवं अनुशासन बनाए रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# क्षेत्र की लोक संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित 'टम्बर मेले'








जीत समाचार जयसिंहपुर/टम्बर (अभिषेंक)। क्षेत्र की लोक संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित 'टम्बर मेले' की सांस्कृतिक संध्या में उस समय उत्साह दोगुना हो गया, जब आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और कोली समाज के जिला अध्यक्ष, माननीय श्री काली दास जी के साथ पार्टी विधानसभा जयसिंहपुर के संगठन मंत्री रवि कुमार,उपाध्यक्ष सुनील कुमार ,सयुंक्त सचिव अमजीत, पूर्व विधायक श्री रविन्द्र धीमान,बाबा बालक नाथ युवा क्लव टम्बर, नवनिर्वाचित प्रधान रीना देवी,उप प्रधान दलेर सिंह पंचायत के वार्ड सदस्य सुभकर्ण,पिंकी देवी,मीना कुमारी,शुक्रा, कमलेश मौजूद रहे । बाबा बालक नाथ युवा क्लव टम्बर ने स्टार नाइट आयोजन करवाया जिसमें प्रसिद्व कलाकार अमन भरमौरी, मोलिका शर्मा आदि शामिल हुए और मेले मे चार चाद चला दी।

सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ पारंपरिक विधियों के साथ हुआ। मेले में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए श्री काली दास ने कहा कि मेले हमारी समृद्व संस्कृति और सामाजिक समरसता के जीवंत केंद्र होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि टम्बर मेले जैसी आयोजन न केवल हमारी आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं, बल्कि समाज में भाईचारे और आपसी प्रेम की भावना को भी मजबूत करते हैं।

## दगोह ग्राम पंचायत चुनाव में प्रधान आशा देवी जी व उप-प्रधान राजीव राणा जी की शानदार जीत





जीत समाचार दगोह (काँगड़ा) (अभिषेंक न्यूज एडिटर)। ग्राम पंचायत दगोह चुनाव के घोषित परिणामों में एक महत्वपूर्ण उलटफेर देखने को मिला है, जहाँ प्रधान पद के उम्मीदवार आणा देवी ने शानदार जीत दर्ज की है। आणा देवी को कुल 224 वोट प्राप्त हुए और उप-प्रधान राजीव राणा जी को कुल 441 वोट प्राप्त हुए हैं, जिससे उनकी जीत सुनिश्चित हुई। जीत के बाद समर्थकों में भारी उत्साह है। समर्थकों ने आशा देवी व राजीव राणा को फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। अपनी जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधान आशा देवी जी व उप-प्रधान राजीव राणा जी ने ग्राम पंचायत के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'यह जीत मेरी नहीं, बल्कि ग्राम पंचायत के प्रत्येक नागरिक की जीत है। मैं अपने पंचायत के विकास और जन-कल्याण के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करूँगा और करूँगी।'

प्रधान आशा देवी व उप-प्रधान राजीव राणा ने ग्राम पंचायत में शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी ढांचों के विकास को अपनी प्राथमिकता बताया है। क्षेत्र के निवासियों ने इस जीत पर खुशी जताई है और उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में पंचायत एक नई विकास यात्रा की ओर अग्रसर होगी।

## लंबागाँव पंचायत से 1102 लेकर जीत हासिल युवा कांग्रेस कमेटी जयसिंहपुर अध्यक्ष हिमांशू राणा जी



जीत समाचार जयसिंहपुर (रवि कुमार)। युवा कांग्रेस कमेटी जयसिंहपुर अध्यक्ष छोटे भाई हिमांशू राणा जी को लंबागाँव पंचायत से 1300 वोट से 1102 लेकर उनकी जीत सुनिश्चित हुई। जीत के बाद समर्थकों में भारी उत्साह है। जीत पर उन को बहुत-बहुत बधाई की शुभकामनाए।




ॐ
॥ श्री ॥
हिन्दू तख्त
धर्म • शक्ति • एकता
कर्मण्येवाधिकारस्ते
मा फलेषु कदाचन ।
कर्म ही पूजा है,
फल की चिंता मत करो,
समर्पण ही सफलता का मार्ग है ।
भगवान श्री कृष्ण के दिखाए हुए
धर्म, सत्य और कर्मयोग के मार्ग पर चलकर
श्री हिन्दू तख्त
समस्त सनातन समाज को
एकजुट करने का संकल्प लेकर
आगे बढ़ रहा है ।
धर्म रक्षा
हिन्दू एकता
राष्ट्र गौरव
क्रांतिकारी तपस्वी
स्वामी
धनंजय गिरी जी
महाराज
राष्ट्रीय अध्यक्ष,
श्री हिंन्दू तख्त
एवं पीठाधीश्वर
सनातन न्याय पीठ
श्री पंचदस नाम
जूना अखाड़ा
आप भी हमारे संस्थान से जुड़ें
सभी सनातनियों को स्वामी जी की ओर से
सुप्रभात एवं मंगलमय शुभकामनाएं
9878910253 / 7889524055